




## एक नजर में

### वार्ड 32 और 38 में नपा परिषद ने किया भूमिपूजन

**मंदसौर।** नपा परिषद मंदसौर के द्वारा शनिवार को खानपुरा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 32 व रामटेकरी क्षेत्र के सुदामा नगर में भूमिपूजन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। खानपुरा क्षेत्र के दादावाड़ी के पास स्थित आंगनवाड़ी भवन से मदन ग्वाला के निवास तक लगभग 12 लाख रु. की लागत से होने वाले सी.सी. रोड निर्माण एवं सुदामा नगर रामटेकरी की गाय वाली गली एवं उसके आसपास के क्षेत्र में लगभग 16.50 लाख रु. की लागत से लगाये जाने वाले पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का



भूमिपूजन अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका गोस्वामी, भाजपा महिला नेत्री श्रीमती सुषमा आर्य, भाजपा जिला मंत्री राजू भावसार, भाजपा कार्यालय प्रभारी व नगरपालिका संगठन प्रभारी पारस मावर के मुख्य आतिथ्य में नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने दोनों स्थानों पर भूमिपूजन किया। इन दोनों कार्यक्रमों में नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता चावला, भाजपा मंदसौर मण्डल के पूर्व अध्यक्ष नरेश चंदवानी, संजय मुरडिया, नपा लोकनिर्माण सभापति श्रीमती निर्मला चंदवानी, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती भावना पमनानी, श्रीमती गरिमा भाटी, पार्षदगण कमलेश सिसोदिया, दीपक गाजवा, रेखा राजेश सोनी ऐरावाला, माया भावसार, युसुफ गोरी, श्रीमती दीपमाला मकवाना, रफत पयामी, आरिफ भाई अंसारी, साबिर हुसैन शाह, पं. अरूण शर्मा, सांसद प्रतिनिधि कपिल भंडारी, मंदसौर दक्षिण मण्डल महामंत्री अमन फरक्या, उपाध्यक्ष दिलीप ग्वाला, भाजपा नेता दिनेश पोरवाल, पूर्व पार्षद विजय पोपट, बाबा पंचोली, पार्षद प्रतिनिधि बब्बू पमनानी, राजेश सोनी ऐरावाला, भाजपा नेता अफजल हुसैन, मनीष गेहलोत, रतन नलवाया, शौकिन नलवाया, विपिन भादविया, अजीजुल्लाह सर, पवन हिंगोरिया, सुनील दक, रमेश लवानी, आशीष नलवाया, नपा कार्यपालन यंत्री पी.एल. धारवे, उपयंत्री राहुल गडावा आदि भी कई गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे। नपा के जनप्रतिनिधियों व अतिथियों का क्षेत्र के नागरिकों ने माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन भी किया।

### नूतन हाई स्कूल में बच्चों को बांटी शिक्षण सामग्री

**मंदसौर।** वाइब्रेंट क्लब मंदसौर द्वारा नूतन हाई स्कूल में स्टेशनरी वितरण प्रकल्प का आयोजन किया गया, यह पुनीत कार्य क्लब की सदस्या श्रीमती प्रियंका जारोरी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी बच्चों को पाठन सामग्री (स्टेशनरी) वितरित की गई। स्वागत उद्बोधन सीए प्रजवी जैन ने प्रदान करते हुए क्लब के सामाजिक सरोकारों और शिक्षा के क्षेत्र में संस्था के विजन पर विस्तार से प्रकाश डाला। वाइब्रेंट क्लब का यह 'स्टेशनरी वितरण प्रोजेक्ट' न केवल शिक्षा को ब?ावा देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम रहा, बल्कि इसने समाज को यह संदेश भी दिया कि अपनी खुशियों को जरूरतमंदों के साथ बांटने से उनका आनंद कई गुना ब? जाता है। स्कूल की प्राचार्या श्रीमती प्रीति जैन ने अपने संबोधन में वाइब्रेंट क्लब के इस नेक कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे सहयोगात्मक प्रयास विद्यार्थियों का मनोबल ब?ाते हैं और उन्हें शिक्षा के प्रति और अधिक जागरूक करते हैं। मंदसौर सीए ब्रांच के चेयरमैन एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीए विनय अग्रवाल ने अपने प्रेरक उद्बोधन से सभी को लाभान्वित किया। उन्होंने शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और क्लब की इस अनूठी पहल को समाज के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण बताया। इस प्रोजेक्ट की प्रमुख सहयोगी श्रीमती प्रियंका विकास जारोरी ने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर वाइब्रेंट क्लब की अध्यक्ष श्रीमती अंतिम बक्षी ने आभार ज्ञापित किया। उन्होंने मुख्य अतिथि, स्कूल प्रबंधन, लाभार्थी परिवार और कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाली क्लब की सभी सदस्याओं का हृदय से धन्यवाद किया। इस अवसर पर दीपा जैन, सुनीता कुदार, ममता चोप?ा, रुचि गर्ग, स्वीटी चौधरी, सोनल बाबेल, नेहा दुग?, खुशी जैन, चंदा प्रजापति उपस्थित थे।

# डॉ. मुखर्जी की 125वीं जयंती पर रोपे 125 पौधे

## उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद गुर्जर सहित नेताओं ने किया पौधारोपण

**मंदसौर। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर भाजपा जिला मंदसौर द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए नवीन जिला भाजपा कार्यालय परिसर में 125 फलदार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों ने पौधारोपण किया। इस दौरान सभी ने लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प भी लिया।**




पौधारोपण के बाद उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि भाजपा राष्ट्र निर्माण के साथ सामाजिक एवं पर्यावरणीय दायित्वों के निर्वहन को भी प्राथमिकता देती है। केवल पौधा लगा देना पर्याप्त नहीं है, उसकी नियमित देखभाल और संरक्षण भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ पर्यावरण एवं वन संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता लाने का प्रयास करना चाहिए। उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के साथ नवीन जिला भाजपा कार्यालय के निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की। सांसद सुधीर गुप्ता एवं राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्र सेवा, राष्ट्रीय एकता एवं जनकल्याण के लिए समर्पित रहा। उनकी जयंती पर 125 फलदार पौधे लगाना उनके प्रति श्रद्धांजलि के साथ पर्यावरण संरक्षण का सार्थक संदेश भी है। उन्होंने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा प्रत्येक व्यक्ति की सामूहिक जिम्मेदारी है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि पार्टी द्वारा समय-समय पर सेवा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी क्रम में डॉ. मुखर्जी की जयंती पर पौधारोपण कार्यक्रम रखा गया। लोगों से अधिकाधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।

# श्रृंगार चेहरे का नहीं, मन का करिए : साध्वी रत्न रिद्धिश्री

**सीतामऊ।** स्थानीय उपाश्रय में विराजित साध्वी श्री रत्न रिद्धि श्री जी महाराज साहब एवं साध्वी श्री रत्न वृद्धि श्री जी महाराज साहब के सानिध्य में विभिन्न धार्मिक आयोजन चल रहे हैं। प्रतिदिन भगवान का अभिषेक एवं पूजन किया जा रहा है। वहीं उपवास, सिद्धि तप सहित प्रदीप बोहरा व धर्मपत्नी मंजू बोहरा द्वारा 100 दिवसीय तप की कठिन साधना भी जारी है।

धर्मसभा को संबोधित करते हुए साध्वी श्री रत्न रिद्धि श्री जी महाराज साहब ने कहा कि संयोग और वियोग संसार का चक्र है। हम भौतिक पदार्थों को सुख मान रहे हैं, लेकिन यही आगे चलकर दुख का कारण बन जाते हैं। श्रृंगार चेहरे का नहीं, मन का करिए। आंखों में करुणा का काजल लगाइए। उन्होंने कहा कि जीवन में आचरण की शुद्धता आवश्यक है। किसी के प्रति भेदभाव नहीं रखना चाहिए और वाणी में सदैव मिठास बनाए रखनी चाहिए। दूसरों की पीड़ा और वेदना को समझना ही मानवता का वास्तविक स्वरूप है। साध्वी ने कहा कि कल्पसूत्र के श्रवण से आत्मज्ञान जागृत होता है। ईश्वर के प्रति पूर्ण आस्था रखने और धार्मिक प्रवचन सुनने से विचारों में सकारात्मक परिवर्तन आता है। बच्चों को बचपन से ही धर्म एवं संस्कारों से जोड़ना चाहिए। उन्हें नियमित रूप से पाठशाला एवं मंदिर भेजने से उनके जीवन में अच्छे संस्कार विकसित होते हैं। परमात्मा की वाणी सदैव सत्य एवं मार्गदर्शक होती है। इस अवसर पर प्रभावना एवं अभिषेक के लाभार्थी सुरेन्द्र कुमार अमृतलाल ओसवाल परिवार रहे।

# गर्भपात कराना महापाप, इससे बचें...

**मंदसौर।** आजकल कम बच्चे पैदा करना फैशन हो गया है अधिक बच्चों को पालना पोसना नहीं प? इसके लिये स्त्रियां आजकल गर्भपात का सहारा लेने लगी है। गर्भ में पल रहे शिशु जिसने जन्म भी नहीं लिया उसे गर्भ में ही मार देने से बड़ा पाप दूसरा नहीं हो सकता स्त्रियों को इस पाप से बचना चाहिये।

उक्त उद्गार परम पूज्य आचार्य अशोक सागर सूरीश्वरजी म.सा. की पावन निश्रा में आर्यरक्षित जैन तीर्थ धाम में आयोजित धर्मसभा में आचार्य सागरचन्द्र सागरजी म.सा. ने कहे। उन्होंने यहा धर्मसभा में कहा कि गर्भपात के पाप से सभी को बचना ही चाहिये। आई.वी. एफ. तकनीक से संतान प्राप्ति के विषय पर कहा कि इस तकनीक में कई प्रकार की जीव हिंसा होती है जीव हिंसा के कारण यह तकनीक धर्म दर्शन के अनुकूल नहीं है इस तकनीक में जो सूक्ष्म जीव हिंसा हुई है उसका पाप भी तकनीक से संतान प्राप्त करने वाले दम्पत्ति को लगता है प्रभु ने हमें यदि संतान नहीं दी है तो हम ऐसी तकनीक जिसमें जीव विराधना या हिंसा होती है उस तकनीक का लाभ लेकर यदि माता पिता बन भी गये तो हम पापबंधन से मुक्त नहीं हो पाएंगे। आपने श्रावक श्राविकाओं के द्वारा पूछे गये प्रश्नो के उत्तर देते हुये कहा कि जैन दर्शन एवं अन्य दर्शनो में भी 16 संस्कार बताये हैं जिसमें शरीर की अंतिम क्रिया अर्थात अग्नि संस्कार जरूरी है इसलिये मनुष की देह का अंतिम संस्कार होना चाहिये।

# पीड़ितों की मजबूत आवाज और ताकत थे पूर्व विधायक रामगोपाल...

**मंदसौर। पूर्व विधायक रामगोपाल भारतीय के निधन की जानकारी मिलने पर मन बैचेन हो गया। वे दलित, शोषित एवं पीड़ितजनों की मजबूत आवाज एवं ताकत थे। इंटक से भी उनका लगाव था।**

लगभग 93 वर्षीय भारतीयजी पिछले काफी अरसे से बीमार थे। उनकी भलमनसात, मिलनसारिता, ईमानदारी, सक्रियता के कारण कांग्रेस के उच्च वर्ग में उनकी पैठ थी। 1972 में वे जिले के सुवासरा से कांग्रेस टिकट पर चुनाव जीतकर विधायक बने थे। उनके कार्यकाल में सुवासरा अंचल में अनेकों विकास कार्य हुए। तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुनसिंह, श्यामचरण शुक्ल, दिग्विजयसिंह, कमलनाथ से उनका सीधा संपर्क था।



पूर्व श्रममंत्री एवं गांधीवादी नेता श्यामसुंदर पाटीदार के अनन्य सहयोगी थे। श्रम संगठन इंटक एवं मजदूर परिवारों से जु? थे।

भारतीयजी ने दलित नेता जंगीबाबू तंवर, कांग्रेस नेता साहित्यकार, मदनकुमार चौबे, अशोक त्रिपाठी के साथ दलितों को मंदिर प्रवेश, उनकी जमीनों के विवाद में राहत दिलाने में भरपूर सहयोग दिया। सादा जीवन उच्च विचार के वे संवाहक थे। श्रमिक आंदोलन में भी ब?-च?कर भाग लिया। दलौदा के मिल श्रमिकों के आंदोलन में सक्रिय रहे। उस समय तत्कालीन विधायक श्रमिक नेता श्यामसुंदर पाटीदार, भारतसिंह दीपाखेड़ा के नेतृत्व में मिल मजदूरों ने आंदोलन किया था तब उस समय अर्जुनसिंह मुख्यमंत्री थे ने तत्कालीन मंत्री भारतसिंह जावरा एवं दिग्विजयसिंह को भेजकर सुलह कराई थी।

एक वाकिया याद आ रहा है, कांग्रेस इंदिरा लहर के दौरान 1972 में विधानसभा चुनाव के नतीजों में मंदसौर जिले में चार विधानसभा सीटों में से तीन में कांग्रेस प्रत्याशी जीत चुके थे। सुवासरा सीट पर भारतीय पीछे चल रहे थे। उत्साही कांग्रेसजनों ने विजय जुलूस निकालने की बात कही तब पाटीदार ने कहा कि श्री भारतीय का चुनाव परिणाम आने तक धैर्य क्यों नहीं रखते। जब सुवासरा का नतीजा आया तब श्री भारतीय को साथ लेकर कांग्रेस का जुलूस निकला। यह थी उस जमाने में कांग्रेसजनों में आपसी सामंजस्य एवं सौहार्दता की मिसाल। भारतीय के सद्गुणों से आज के कांग्रेस नेता कार्यकर्ता सबक सीख तो वे जनआंदोलनों में जनता की आवाज मुस्तैदी से उठा सकेंगे। सोश्यल मीडिया और बाहरी दिखावा करने से कोई भी दल एवं नेता, कार्यकर्ता मजबूत नहीं होता।

# गुरु की सीख और संस्कारों से ही बनेगा श्रेष्ठ समाज : विनीत अग्रवाल

साबाखेड़ा। सांदीपनी विद्यालय, साबाखेड़ा में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के तत्वावधान में 'गुरु वंदन' एवं 'एक पेड़ मां के नाम-गुरु छाया प्रकल्प' का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष मनीष बैरागी ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में विद्यालय के प्राचार्य विनीत अग्रवाल उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य विनीत अग्रवाल ने कहा कि आज का समाज तीव्र गति से बदल रहा है। आधुनिक युग में फैल रही कुरीतियों और भ्रांतियों का एक बड़ा कारण समाज में स्थापित किया जा रहा गलत नैरेटिव भी है। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में गुरु के मार्गदर्शन, संस्कार और शिक्षा की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ जाती है। शिक्षकों का दायित्व है कि वे इन भ्रांतियों को पहचानकर विद्यार्थियों को सही दिशा दिखाएं और उनका मार्गदर्शन करें। प्राचार्य श्री अग्रवाल ने संगति के प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए




कहा कि अच्छी संगति विद्यार्थी को महानता के शिखर तक ले जा सकती है, जबकि गलत संगति उसके भविष्य को प्रभावित कर सकती है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों में अनुशासन, सामाजिक दायित्व और राष्ट्रभाव के संस्कार विकसित करें। शिक्षकों के दायित्व को रेखांकित करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि केवल किताबी ज्ञान देना ही शिक्षा का उद्देश्य नहीं है। प्रत्येक शिक्षक को अपने शिष्यों में चार मूल संस्कार अनिवार्य रूप से विकसित करने चाहिए- माता-पिता का सम्मान। गुरुजनों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान। समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन। राष्ट्र के प्रति सर्वस्व समर्पण। उन्होंने कहा कि शिक्षा तभी सार्थक होगी, जब वह विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ-साथ संस्कार, कर्तव्यबोध, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रभक्ति से भी जो? सके। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं वंदना से हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का भावभीना स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान 'एक पे? माँ के नामकृगुरु छाया प्रकल्प' के अंतर्गत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया।

## नीमच

## एक नजर में

### भारत विकास परिषद का पारिवारिक वनविहार आज

**नीमच।** सेवा एवं संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी भारत विकास परिषद मुख्य शाखा नीमच द्वारा पारिवारिक वनविहार कार्यक्रम रविवार, 9 अगस्त को प्रातः 11 बजे झरनेश्वर महादेव, चौकड़ी, मनासा में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में परिषद सदस्यों एवं उनके परिवारजनों के लिए विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं एवं प्रश्नमंच का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य परिषद सदस्यों एवं उनके परिवारजनों के बीच स्नेह, सौहार्द और पारिवारिक एकता को बढ़ावा देना है। वनविहार कार्यक्रम को लेकर परिषद सदस्यों में उत्साह है तथा बड़ी संख्या में सदस्य एवं परिवारजन सहभागिता करेंगे। यह जानकारी परिषद के मीडिया प्रभारी मनोज माहेश्वरी, अध्यक्ष पुरुषोत्तम गुप्ता, सचिव सतीश गोयल एवं संयोजक अशोक मंगल ने दी।

### नीमच के सिद्धान्त और भूमि का विश्व चैंपियनशिप में चयन



**नीमच।** नीमच के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शहर और मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाया है। सिद्धान्त सिंह जादोन और भूमि अग्रवाल का चयन सीनियर मॉडर्न पेंटाथलॉन विश्व चैंपियनशिप के लिए हुआ है। प्रतियोगिता का आयोजन 24 अगस्त 2026 से चीन के गुइयांग शहर में होगा, जहां दोनों खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। मॉडर्न पेंटाथलॉन एक मल्टीस्पोर्ट प्रतियोगिता है, जिसमें खिलाड़ियों को तैराकी, तलवारबाजी, बाधा दौड़, निशानेबाजी और दौड़ जैसी विभिन्न विधाओं में अपनी क्षमता साबित करनी होती है। यह खेल खिलाड़ियों की शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ तकनीक, एकाग्रता और मानसिक मजबूती की भी परीक्षा लेता है। सिद्धान्त और भूमि की इस उपलब्धि के पीछे लंबे समय से चल रही मेहनत और निरंतर प्रशिक्षण का अहम योगदान है। मेंटॉर कोच प्रभु मूलचंदानी और मोटिवेटर राकेश कोठारी के मार्गदर्शन में टीम कोच निलेश घावरी, आयुष गौड़, समीर सिंह जादोन, सुधा सोलंकी, रोहित अहीर और अभिषेक अहीर के सानिध्य में दोनों खिलाड़ियों ने लगातार अभ्यास किया। पेंटाथलॉन अध्यक्ष डॉ. मनीष चमड़िया ने दोनों खिलाड़ियों के चयन पर खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि नीमच जैसे शहर से दो खिलाड़ियों का विश्व चैंपियनशिप के लिए चयन होना पूरे जिले और मध्यप्रदेश के लिए गौरव की बात है। गुइयांग में होने वाली इस विश्व चैंपियनशिप में दुनिया के विभिन्न देशों के श्रेष्ठ खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। ऐसे में सिद्धान्त और भूमि के सामने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा साबित करने की बड़ी चुनौती होगी। नीमच के खेलप्रेमियों को उम्मीद है कि दोनों खिलाड़ी अपने शानदार प्रदर्शन से भारत, मध्यप्रदेश और नीमच का नाम विश्व स्तर पर रोशन करेंगे।

# डिप्टी कलेक्टर और परियोजना अधिकारी डूडा ने किया मनासा नगर परिषद का निरीक्षण

## सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के समयबद्ध निराकरण और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के दिए निर्देश

**नीमच। डिप्टी कलेक्टर एवं परियोजना अधिकारी डूडा मयूरी जोक ने नगर परिषद मनासा का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री संजय पाटीदार सहित नगर परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।**

निरीक्षण के दौरान जोक ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने शाखा प्रभारियों से लंबित शिकायतों की स्थिति की जानकारी लेते हुए सभी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन से संबंधित कुछ शिकायतों के स्थलों का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए पात्र हितग्राहियों के प्रकरणों को शीघ्र स्वीकृत कर ऋण वितरण की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ अधिक से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स तक पहुंचाने के लिए प्रकरणों के निराकरण में अनावश्यक विलंब न हो।

श्रीमती जोक ने अमृत हरित अभियान के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप व्यापक स्तर पर पौधारोपण करने



के निर्देश दिए। उन्होंने रोपित किए जाने वाले प्रत्येक पौधे की जानकारी मेरी लाइफ पोर्टल पर दर्ज करने तथा पौधों के संरक्षण एवं नियमित रखरखाव पर विशेष ध्यान देने को कहा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने, कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने तथा नागरिकों को बेहतर एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### तीन परिवारों को 12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**नीमच।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मनासा किरण आंजना ने राजस्व पुस्तक परिपत्र भाग-6(4) के तहत तीन पीड़ित परिवारों को कुल 12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। कुशालपुरा निवासी संतोष यादव की जहरीले जानवर के काटने से मृत्यु होने पर उनकी वारिस पत्नी गायत्री यादव को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार अरनियाढाणी निवासी पायल पिता जेतराम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिस जेतराम पिता मांगीलाल को 4 लाख रुपये तथा अरनियाढाणी निवासी कचरीबाई पति रामचंद्र की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके वारिस रामचंद्र पिता पन्नालाल को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। तहसीलदार रामपुरा द्वारा संबंधित प्रकरण तैयार कर अनुशंसा के लिए एसडीएम मनासा को प्रस्तुत किए गए थे। एसडीएम द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र भाग-6(4) के प्रावधानों के तहत आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई।

# बारिश को तरसे नीमच पर बरसे मेघ

## एक सप्ताह की खेंच के बाद झमाझम

**नीमच।** करीब एक सप्ताह की लंबी खेंच के बाद शनिवार को मानसून ने नीमच जिले पर मेहरबानी दिखाई। सुबह से तेज गर्मी और उमस के बीच दोपहर बाद अचानक मौसम बदला और आसमान में घने बादल छा गए। करीब 3:30 बजे झमाझम बारिश का दौर शुरू हुआ, जो समाचार लिखे जाने तक जारी था। लंबी खेंच के बाद हुई बारिश से जहां आमजन को गर्मी और उमस से राहत मिली, वहीं किसानों के चेहरे भी खिल उठे। बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे अन्नदाताओं ने राहत की सांस ली। खेतों में खड़ी फसलों के लिए भी यह बारिश संजीवनी साबित होने की उम्मीद है।

### पिछले साल के मुकाबले बारिश में बड़ा अंतर

नीमच जिले में चालू वर्षाकाल में अब तक 13.7 इंच बारिश दर्ज की गई है। वहीं पिछले वर्ष इसी अवधि तक 28.8 इंच बारिश हो चुकी थी। इस लिहाज से चालू वर्ष में पिछले साल की तुलना में बारिश का आंकड़ा काफी कम है। विकासखंडवार बारिश की स्थिति देखें तो नीमच में अब तक 15.9 इंच, जावद में 10.9 इंच, मनासा में 12.6 इंच और सिंगोली में 15.13 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई है।

### औसत बारिश से अभी काफी दूर जिला

नीमच जिले की औसत वार्षिक बारिश 32.5 इंच मानी जाती है। वर्तमान में जिले में 13.7 इंच बारिश दर्ज हुई है, यानी औसत वार्षिक आंकड़े तक पहुंचने के लिए अभी करीब 18.8 इंच बारिश की आवश्यकता है। ऐसे में शनिवार को हुई झमाझम बारिश ने किसानों के साथ आमजन को भी बड़ी राहत दी है।

# भाजपा जिला नीमच की आवश्यक संगठनात्मक बैठक आज

**नीमच। भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच की आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों एवं पार्टी की गतिविधियों को लेकर एक आवश्यक बैठक रविवार, 9 अगस्त को प्रातः 10:30 बजे क्लब स्काई पार्क रिजॉर्ट, नीमच में आयोजित की जाएगी।**

बैठक में प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल, सांसद सुधीर गुप्ता, जिला प्रभारी सुभाष पटेल, विधायक दिलीप सिंह परिहार, विधायक ओमप्रकाश सखलेचा एवं विधायक माधव मारू सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

बैठक में जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं नगर पालिका के जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, विभिन्न मोर्चों के जिला अध्यक्ष तथा अपेक्षित श्रेणी के पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सहभागिता करेंगे। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, पार्टी की गतिविधियों एवं संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने को लेकर महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। उपरोक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मनोज माहेश्वरी एवं सह प्रभारी शुभम शर्मा ने दी।

## एक नजर — विधायक दिलीप सिंह परिहार ने दिखाई हरी झंडी

# नीमच से खाटू श्यामजी के लिए सीधी राजस्थान रोड वेज बस सेवा शुरू

**नीमच।** खाटू श्याम के प्रति आस्था रखने वाले नीमच के हजारों श्रद्धालुओं के लिए शुक्रवार का दिन यादगार बन गया। अब नीमच से राजस्थान के प्रसिद्ध तीर्थस्थल खाटू श्यामजी के लिए सीधी राजस्थान रोडवेज बस सेवा शुरू हो गई है। इस नई सुविधा से श्रद्धालुओं के साथ-साथ आम यात्रियों को भी बिना बस बदलने के सीधे खाटू श्यामजी पहुंचने का लाभ मिलेगा। बस सेवा के शुभारंभ अवसर पर नीमच रोडवेज बस स्टैंड पर विधायक दिलीप सिंह परिहार, राजस्थान रोडवेज के अधिकारी, श्याम भक्त एवं बड़ी संख्या में यात्री मौजूद रहे।




विधायक परिहार ने बस चालक का फूलमालाओं से स्वागत कर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा बस पर 'श्याम बाबा की जय' लिखकर शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने इस महत्वपूर्ण सेवा की शुरुआत के लिए राजस्थान सरकार एवं मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। राजस्थान परिवहन निगम के विद्यानगर डिपो की यह बस प्रतिदिन शाम 6:45 बजे नीमच से रवाना होकर सुबह 5 बजे खाटू श्यामजी पहुंचेगी। वहीं वापसी में बस शाम 4 बजे खाटू श्यामजी से रवाना होकर अगले दिन सुबह 5 बजे नीमच पहुंचेगी। बस का संचालन निंबाहेड़ा, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, अजमेर और जयपुर होते हुए किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक दिलीप सिंह परिहार ने कहा कि नीमच को खाटू श्याम भक्तों की नगरी कहा जाता है। यहां से बड़ी संख्या में श्रद्धालु नियमित रूप से बाबा श्याम के दर्शन के लिए जाते हैं। अब सीधी बस सेवा शुरू होने से श्रद्धालुओं की यात्रा अधिक सुविधाजनक होगी तथा समय और धन दोनों की बचत होगी। श्याम प्रेमियों ने भी इस नई सेवा का स्वागत करते हुए खुशी जताई।